जिला पंचायत मोहला-मानपुर... पृष्ठ 2 | वैदिक मंत्रोच्चारण, शंखनांद... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559


सोमवार, 03 मार्च 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 138, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## नव उद्यमियों के लिए अपार संभावनाएं : मुख्यमंत्री साय



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास और नव उद्यमिता के लिए अपार संभावनाओं से भरा राज्य है. यह राज्य वन, खनिज और ऊर्जा संसाधनों से समृद्ध है और बिजली उत्पादन में सरप्लस राज्यों में शामिल है. इन संसाधनों के चलते यहां उद्योगों की स्थापना के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है. सरकार निवेशकों और नव उद्यमियों को हरसंभव सहयोग प्रदान कर रही है, ताकि प्रदेश में आर्थिक विकास और रोजगार के नए अवसरों को प्रोत्साहित किया जा सके. उन्होंने राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में फार्मा, रियल एस्टेट और आईटी क्षेत्र के प्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान यह बात कही. इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, सचिव डॉ. बसवराजू एस., पी. दयानंद, राहुल भगत, उद्योग सचिव रजत कुमार और प्रबंध संचालक विश्वेष झा उपस्थित थे.

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 लागू की गई है, जिससे निवेशकों के लिए उद्योग स्थापित करना पहले से अधिक सरल और सुविधाजनक हो गया है. इसके तहत ऑनलाइन आवेदन और त्वरित प्रोसेसिंग की व्यवस्था की गई है, जिससे निवेश प्रक्रिया पारदर्शी और तेज़ बनी है. इसके अतिरिक्त, च्सिंगल विंडो 2.0ज् प्रणाली लागू की गई है, जिससे सभी आवश्यक स्वीकृतियाँ आसानी से मिल रही हैं और निवेशकों को किसी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है. मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार नए औद्योगिक पार्कों की स्थापना कर रही है, जिससे उद्योगपतियों को आवश्यक बुनियादी ढाँचा और संसाधन उपलब्ध होंगे. इससे नव उद्यमियों को भी सशक्त वातावरण मिलेगा, जिससे वे अपनी व्यावसायिक यात्रा को मजबूती से आगे बढ़ा सकें. इस पहल से न केवल औद्योगिक इकाइयों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि प्रदेश में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे. मुख्यमंत्री साय ने बताया कि नई औद्योगिक नीति लागू होने के बाद अब तक छत्तीसगढ़ को 1.23 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं. प्रदेश में एआई, आईटी, डाटा सेंटर, फार्मास्युटिकल, रियल एस्टेट और रोबोटिक्स जैसे सेक्टरों को विशेष प्रोत्साहन दिया गया है. इसके परिणामस्वरूप, छत्तीसगढ़ में पहली बार सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर और एआई आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जो प्रदेश के औद्योगिक विकास में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होंगे. मुख्यमंत्री साय ने बैठक के दौरान उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ सरकार उद्यमियों को हरसंभव सहायता प्रदान करेगी. उन्होंने कहा कि प्रदेश की औद्योगिक नीति स्पष्ट, पारदर्शी और निवेशक-अनुकूल हैं, जिससे देश-विदेश के उद्योगपतियों को छत्तीसगढ़ में व्यापार स्थापित करने के लिए आवश्यक सुविधाएं दी जा रही हैं. मुख्यमंत्री श्री साय ने निवेशकों को आमंत्रित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार उनके व्यापार को सफल बनाने में हरसंभव सहयोग देगी. राज्य की नई औद्योगिक पहल प्रदेश को आर्थिक प्रगति और नवाचार के नए दौर में ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं. इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित उद्यमियों और निवेशकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें प्रमुख रूप से मैनकाइंड फार्मा से गौरव चौहान, एम्बेसी रीट के सीईओ विकास खडोलिया, यूअरस्टोरी की संस्थापक श्रद्धा शर्मा और मायट्री स्कूल ऑफएंटरप्रेन्योरशिप के फाउंडर रोहित कश्यप शामिल थे.

## एलपीजी सिलेंडर के दाम में हुई बढ़ोतरी, 6 रुपये महंगा हुआ सिलेंडर



रायपुर। एलपीजी सिलेंडर के नए रेट जारी हो गए हैं। एलपीजी (लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस) के नए रेट के मुताबिक बजट के दिन मिली राहत आज छीन ली गई है। 19 किलो वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी की गई है। आज दिल्ली से कोलकाता तक यह सिलेंडर 6 रुपये महंगा हुआ है। हालांकि, कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के मार्च का प्राइस ट्रेंड देखें तो पिछले 5 सालों में 1 मार्च को सबसे कम बढ़ोतरी है। इंडियन ऑयल के पोर्टल पर दिए गए आंकड़ों के मुताबिक मार्च में कॉमर्शियल का दाम सबसे अधिक 2023 में बढ़ा था, जब एक ही झटके में दाम 352 रुपये उछल गए। बता दें बजट के दिन एलपीजी गैस सिलेंडर के रेट में 7 रुपये की मिली छोटी सी राहत केवल 19 किलो वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर को मिली थी। घरेलू गैस सिलेंडर यानी 14 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर के दाम में 1 अगस्त 2024 से कोई बदलाव नहीं हुआ है। इंडियन ऑयल द्वारा जारी ताजा रेट के मुताबिक दिल्ली में आज 1 फरवरी से 19 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर अब 1803 रुपये का हो गया है। पहले फरवरी में 1797 रुपये था और जनवरी में 1804 रुपये का। कोलकाता में यही कॉमर्शियल सिलेंडर अब 1913 रुपये में मिलेगा। यह फरवरी में 1911 रुपये से घटकर 1907 रुपये हुआ था।

## डॉ.गजेन्द्र हरिहारनो द मैजिक बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित




डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। डोंगरगांव नगर के लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार,रंग कर्मी,मंच संचालक डॉ.गजेन्द्र हरिहारनो 1 मार्च को श्री मौन तीर्थ विद्या पीठ उज्जैन में आयोजित बिलासा छंद महालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में वर्णावली छंद ग्रंथ के सृजन में सहभागिता प्रदान करने हेतु द मैजिक बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसके पूर्व इन्हें तीन बार वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। उनकी इस उपलब्धि के लिए सभी साहित्यकारों, परिजनों, इष्ट मित्रों एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

## पुलिस पत्रकार क्रिकेट टूर्नामेंट में छतरपुर पुलिस कप्तान रहे विजेता




छतरपुर (नांदगांव टाइम्स)। पुलिस बनाम पत्रकार मैत्री क्रिकेट मैच का शुभारंभ रविवार को सुबह 8:00 बजे पुलिस लाइन छतरपुर में छतरपुर जिले के पत्रकार पुलिस अधीक्षक श्री अगम जैन के नेतृत्व में क्रिकेट मैच खेला गया क्रिकेट मैच के टॉस जीतने के बाद पत्रकारों के कप्तान श्री अभिषेक सिंह अंशु राजा कप्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पुलिस कप्तान टीम को चुनौती दी। पुलिस अधीक्षक ने बल्लेबाजी करते हुए धुआंधार रन स्कोर बनाया और पत्रकारों को क्रिकेट टूर्नामेंट पुलिस लाइन छतरपुर में परास्त कर विजय प्राप्त की । पुलिस लाइन छतरपुर में पुलिस प्रशासन की ओर से क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने वाले दोनों टीमों के कप्तानों का बुंदेलखंड क्षेत्र के समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी नौगांव बुंदेलखंड द्वारा गुलाब की पुष्पमाला पहनाकर विजेता और उपविजेता टीम के कप्तानों गले में पुष्पमाला पहनकर शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया गया । इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार श्री सुरेंद्र अग्रवाल जी श्री राम बाबू परिहार अरविंद तिवारी राजकुमार सोनी मनोज सोनी विनोद कुमार अग्रवाल दीपू जैन भूपेंद्र सिंह अंकुर यादव अन्य पत्रकार साथियों ने पुलिस वरशिप पत्रकार मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट को शासन प्रशासन और प्रजातंत्र में पत्रकार की भूमिका को उचित बताते हुए समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम होते रहने पर बोल दिया । पुलिस अधीक्षक श्री अगम जैन



ने क्रिकेट टूर्नामेंट समापन के बाद पुलिस प्रशासन की ओर से आयोजित स्वल्पाहार के दौरान अनेक पत्रकारों से विचार विमर्श करके तय किया गया कि पुलिस और पत्रकारों के बीच अच्छे संबंध बन रहे तथा समाज को निष्पक्ष और सच्ची खबरें पारदर्शी तरीके से प्रदान करने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा जिसमें जनसंपर्क कार्यालय सूचना विभाग का भी सहयोग लिया जाएगा होली मिलन कार्यक्रम रखने पर भी विस्तार से चर्चा हुई आने वाले समय में इसके परिणाम पत्रकार और पुलिस प्रशासन के बीच अच्छे रहेंगे ।

## मोहबे हेल्थकेयर चला रहा निः शुल्क शिविर

### मोहला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में इलाज के साथ दवाई का वितरण भी ...



राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नवीन जिला मोहला - मानपुर - अंबागढ़ चौकी के जिला मुख्यालय मोहला में राजनांदगांव के डॉ. सौरभ मोहबे ( डॉ. कुमुद मोहबे मेमोरियल हॉस्पिटल ) एवं डॉ . गौरव जैन तथा टीम द्वारा ग्रामीणों का निः शुल्क परीक्षण किया जा रहा है । वनांचल वासियों की सुविधा के लिए दो रेजिडेंस डॉक्टर्स के अलावा लैबोरेटरी , फार्मेसी एवं एक्स - रे की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है । तीन दिवसीय शिविर में अब तक लगभग 450 ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर जरूरी दवाइयां प्राप्त किया । डॉ. सौरभ मोहबे ने जानकारी देते हुए बताया कि नवीन जिला मुख्यालय मोहला में मोहबे हेल्थकेयर द्वारा वनांचल वासियों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने हेतु मानवीय सेवा का बड़ा उदाहरण पेश किया जा रहा है । निः शुल्क परीक्षण के अलावा जरूरी दवाइयां प्रदान कर ग्रामीणों को दूर - दराज इलाज के लिए भटकने की समस्या से निजात दिलाने का प्रयास किया जा रहा है । कम से कम शुल्क में एक्स - रे की सुविधा मिलने से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है । तीन दिवसीय शिविर का रविवार को समापन हुआ । इससे



पहले डॉ पारस सोनी , गौरव जैन के साथ दो नियमित डॉक्टर्स द्वारा लगभग 450 ग्रामीणों को अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराने का अवसर प्राप्त हुआ । इसी कड़ी में अब डॉ .पारस सोनी, डॉ .आरती सोनी एवं डॉ. असद खान 24 घंटे ग्रामीणों की सेवा के लिए उपलब्ध हैं । गौरतलब है कि उक्त शिविर में नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रमेश मोहबे ( एम डी ) ने भी अपनी सेवाएं दी हैं । डॉ. सौरभ मोहबे ने चर्चा के दौरान बताया कि वर्तमान में मोहला जिला उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं से नहीं जुड़ पाया है । उनका उद्देश्य मानवीय सेवा के साथ आम जनों को महंगी स्वास्थ्य सुविधा से राहत पहुंचना ही है । उन्होंने ऐसे शिविरों को भविष्य भी आयोजित करने का संकल्प दोहराया है ।

## नवनिर्वाचित सरपंच, पंचगण ने शपथ से पहले की भगवान राम की पूजा ,सुनी रामकथा 3 मार्च को लेगे शपथ

### ग्राम पंचायत करमरी के पंचायत भवन में रामायण पाठ (रामचरित मानस )का किया आयोजन



राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छुरिया वि.खं.के ग्राम पंचायत करमरी में नवनिर्वाचित सरपंच दीनदयाल (दीनू) साहू द्वारा सपथ ग्रहण के पूर्व ग्राम पंचायत भवन में रामचरित मानस नुतन मानस परिवार करमरी का रामायण का आयोजन किया गया। छुरिया वि.खं.के यह पहले पंचायत होगा जो शपथ ग्रहण के पूर्व सरपंच द्वारा रामायण पाठ का आयोजन किया गया।सरपंच दीनदयाल (दीनू) साहू ने कहा कि कोई भी शुभ मुहूर्त के पहले हमारे ग्राम पंचायत के भवन में रामकथा के साथ भगवान का पूजन और अराधना आवश्यक है, क्यों कि यह छत्तीसगढ़ कि धरती भगवान श्री राम कि नैनीहाल की धरती है भगवान श्री राम चौदह वर्ष के बनवास में कई दिनों तक इसी छत्तीसगढ़ के धरती पर अपना समय व्यतीत किया।इसी उद्देश्य को लेकर हमने रामचरित मानस और रामायण का आयोजन किया गया।भगवान श्री राम कि कृपा से ग्राम पंचायत करमरी निरंतर विकास की ओर अग्रसर रहेगा।ग्राम पंचायत करमरी के प्रांगण में समस्त नवनिर्वाचित पंच एवं ग्राम पंचायत के नागरिक उपस्थित थे।

## राम पंचायत करमरी के पंचायत भवन में रामायण पाठ (रामचरित मानस )का किया आयोजन.

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। ग्राम पंचायत करमरी में नवनिर्वाचित सरपंच दीनदयाल (दीनू) साहू द्वारा सपथ ग्रहण के पूर्व ग्राम पंचायत भवन में



रामचरित मानस नुतन मानस परिवार करमरी का रामायण का आयोजन किया गया। छुरिया वि.खं.के यह पहले पंचायत होगा जो शपथ ग्रहण के पूर्व सरपंच द्वारा रामायण पाठ का आयोजन किया गया।सरपंच दीनदयाल (दीनू) साहू ने कहा कि कोई भी शुभ मुहूर्त के पहले हमारे ग्राम पंचायत के भवन में रामकथा के साथ भगवान का पुजन और अराधना आवश्यक है, क्यों कि यह छत्तीसगढ़ कि धरती भगवान श्री राम कि नैनीहाल की धरती है भगवान श्री राम चौदह वर्ष के बनवास में कई दिनों तक इसी छत्तीसगढ़ के धरती पर अपना समय व्यतीत किया।इसी उद्देश्य को लेकर हमने रामचरित मानस और रामायण का आयोजन किया गया।भगवान श्री राम कि कृपा से ग्राम पंचायत करमरी निरंतर विकास की ओर अग्रसर रहेगा।ग्राम पंचायत करमरी के प्रांगन में समस्त नवनिर्वाचित पंच एवं ग्राम पंचायत के नागरिक उपस्थित थे।

## मीडिया प्रभारी अरविन्द तिवारी ने दी पुरी शंकराचार्यजी के आगामी प्रवास की जानकारी

**अरविन्द तिवारी की रिपोर्ट**

वृंदावन (नांदगांव टाइम्स)। ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर एवं हिन्दू राष्ट्र प्रणेता अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज अपनी महाकुम्भ परिक्षेत्र प्रयागराज प्रवास पूर्ण कर उत्तरप्रदेश में आगामी राष्ट्रोत्कर्ष अभियान अंतर्गत श्रीधाम वृंदावन पहुंच चुके हैं।? इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये श्री सुदर्शन संस्थानम , पुरी शंकराचार्य आश्रम / मीडिया प्रभारी अरविन्द तिवारी ने बताया कि महाराजश्री परंपरागत रूप से होली के पावन अवसर पर श्रीधाम वृंदावन पहुंचते हैं , इस बार पंद्रह मार्च तक वृंदावन में पूज्य शंकराचार्यजी का दर्शन एवं दिव्य वाणी से आध्यात्मिक संदेश श्रवण का लाभ मिल सकेगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यहां 15 मार्च पर्यन्त श्री हरिहर आश्रम , बुर्जा रोड , चैतन्य विहार , फेज - 2 (नया रंगजी मंदिर के निकट) वृंदावन में महाराजश्री के पावन सानिध्य में प्रात:कालीन सत्र में पूर्वान्ह



ग्यारह बजे से दर्शन , दीक्षा एवं संगोष्ठी आयोजित है जिसमें उपस्थितजन धर्म , अध्यात्म और राष्ट्र से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त कर सकेंगे। वहीं उपरोक्त दिवसों को सायंकालीन सत्र में पांच बजे से पुनः दर्शन के साथ आध्यात्मिक संदेश प्राप्त करने का सुअवसर भक्तजनों को सुलभ हो सकेगा। वृंदावन प्रवास की इसी कड़ी में 06 मार्च से 12 मार्च पर्यन्त प्रतिदिन प्रातः साढ़े नौ बजे से श्रीनृत्यगोपाल मंदिर प्रांगण , स्वामीश्री अखण्डानन्द आश्रम , मोतीझील वृंदावन में श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय पांच पर पुरी शंकराचार्यजी का विशेष प्रवचन श्रद्धालुओं को सुलभ रहेगा। धर्मसंघ - पीठ परिषद , आदित्यवाहिनी - आनन्दवाहिनी संगठन ने सभी भक्तों एवं श्रद्धालुओं से उक्त अवसर पर पहुंचकर महाराजश्री का दर्शन , श्रवण करने की अपील की है। यहां आयोजित सभी कार्यक्रमों की समाप्ति पश्चात पुरी शंकराचार्यजी राष्ट्र रक्षा अभियान के अगले चरण के लिये प्रस्थान करेंगे।

nandgaon times march-03-02.qxd 3/2/2025 11:02 PM Page 2



# जिला पंचायत मोहला-मानपुर-अं. चौकी अध्यक्ष पद के लिए रेस में सबसे आगे नरसिंह भंडारी

## शिक्षक की नौकरी छोड़ क्षेत्र में सक्रिय लगातार दुसरी जीत अध्यक्ष दौड़ मे नरसिंह भंडारी

**राजनांदगांव नांदगांव टाइम्स )।** मोहला- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत नव गठित जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में जिले के 10 जिला पंचायत क्षेत्र के लिए पहली बार चुनाव संपन्न हुआ है। वही जिले के 10 में से 8 क्षेत्र में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों ने अपनी जीत दर्ज की है। जीत के साथ ही अब भाजपा के नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए अपनी अपनी दावेदारी पेश कर रहें है। अविभाजित राजनांदगांव जिला से अजय योद्धा सभापति जिला पंचायत सदस्य रहें नरसिंह भंडारी ने भी इस बार वासड़ी क्षेत्र से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी नोहरू कुमेटी और कांग्रेस से बागी हुए बीरेंद्र कुमार मसिया को हराकर वासड़ी क्षेत्र में अपना दबदबा बनाया है। नरसिंह भंडारी ने तीन बार के जिला पंचायत सदस्य रहे वीरेन रसिया को करारी शिकस्त देने है7 नरसिंह भंडारी नव गठित जिला पंचायत मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार माने जा रहें है। विश्वस्त सूत्रों का माने तो लगातार दो बार जीत करने के चलते संगठन में भंडारी का नाम अध्यक्ष पद के लिए सबसे आगे चल रहा है7 नरसिंह भंडारी पूर्व में शासकीय सेवा में शिक्षक पर पद रहें।



लेकिन भंडारी को आंचल की सेवा की भावना के कारण शासकीय सेवा भाया नहीं और शासकीय सेवा से सालाना मिलने वाले 10 लाख रुपए को ठुकरा कर उन्होंने राजनीति में आना जरूरी समझा और भंडारी ने भाजपा से जुड़ते हुए अपनी सेवा पार्टी को निस्वार्थ दे रहें है और सभापति रहते हुए मोहला –मानपुर-अं. चौकी की जनता की सेवा किया है। जिसका परिणाम है कि आज भी अपने क्षेत्र से बड़े अंतर से विजय श्री हुए है इसी उनकी लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है7 नरसिंह भंडारी अविभाजित राजनांदगांव जिला से गत पंचवर्षीय में जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं इसके साथ ही जिला पंचायत राजनांदगांव में भंडारी वन जल स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग के सभापति के रूप में कार्य किए । भंडारी को जिला पंचायत के सभी कार्रवाई का अनुभव है। जिसके चलते उन्हें मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिला पंचायत के अध्यक्ष पद के सबसे प्रबल दावेदार माने जा रहें हैं ।भंडारी ही एक ऐसे प्रबल दावेदार है जिन्होंने भाजपा के नव निर्वाचित 7 जिला पंचायत सदस्यों में दूसरी बार हासिल किया है।

# साल्हेवारा महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान का हुआ आयोजन



**राजनांदगांव नांदगांव टाइम्स )।** रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.डी.पी.कुर्रे के मार्गदर्शन में वनस्पतिशास्त्र विभाग कि प्राध्यापिका सुश्री किरण शर्मा के संयोजन में वनस्पतिशास्त्र विषय में पादप ऊतक संवर्धन शीर्षक पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया । मुख्य वक्ता के रूप में भिलाई महिला महाविद्यालय भिलाई नगर, से बायोटेक्नोलॉगी एवं माइक्रोबायोलॉजी की विभागाध्यक्ष डॉ.श्रीमति भावना पाण्डे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी77 मुख्य अतिथि डॉ.श्रीमति भावना पाण्डे के द्वारा पादप ऊतक संवर्धन प्रायोगिक विधियों का वह संग्रह होता है,जिसमे अलग किये गए ऊतक से अत्यधिक संख्या में संपूर्ण पौधे को नियंत्रित तथा अजमीकृत अवस्था में विकसित किया जाता है;इसकी उपयोगिता तथा इनकी वृद्धि हेतु यंत्र व तकनीकी की संपूर्ण जानकारियों पर प्रकाश डाला। जैव प्रौद्योगिकी के अंतर्गत ऊतक संवर्धन तकनीक अति महत्वपूर्ण साबित हो रही है; जैव प्रौद्योगिकी विशेष रूप से पैतृक पौधे या संकर किस्मों से ज्यादा संख्या में क्लोन उत्पादन के लिए बीज व सामान्य कमलो की तुलना में श्रेष्ठ एवं लगातार, गुणवत्ता प्रदान करती है।। अतिथि व्याख्यान को सफल बनाने में संस्था प्रभारी सुश्री नीतू डोंगरे, समस्त प्राध्यापकगण एवं महाविद्यालय के छात्र – छात्राओं का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार रक्षक संगठन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार रक्षक संगठन के संस्थापक श्री मीणा केतन पटनायक ने छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष रॉकी रेनॉल्ड एंथोनी एवं राजनंदगांव जिला सदस्य गेंद लाल कुर्रे की अनुशंसा पर हेमंत वाल्दे ब्लॉक अध्यक्ष को अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार रक्षक संगठन से डोंगरगढ बलॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया एवं अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार रक्षक के राष्ट्रीय पदाधिकारी गणो द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई दी गई तथा संगठन के कार्यों के बारे में विस्तार से समझाया गया और कहा गया कि आप इन सभी तरह के मामलों से पीड़ित जनों की समस्या को सुलझाने का कार्य करें जैसे = दहेज प्रताड़ना/ घरेलू हिंसा/ बाल विवाह/ बाल श्रमिक/प्राथमिक की दर्ज न करना /जमीन विवाद /झूठे केस /सामाजिक बहिष्कार/ इत्यादि मामलों पर कार्य करने कहा गया और जल्द अपनी ब्लॉक टीम गठित कर अपने सदस्यों की जानकारी जल्द से जल्द शासन प्रशासन तक पहुंचाने कहा गया है।



# जिला साहू संघ ने जताई कांग्रेस के प्रति नाराजगी

## जिला साहू संघ के अध्यक्ष को कांग्रेस के नेताओं के द्वारा षड्यंत्र कर हराया, जिला साहू संघ में हुए आज बैठक में विभिन्न विषय हुए सर्व समिति पारित

**राजनांदगांव नांदगांव टाइम्स )।** आज जिला साहू संघ में बैठक आहूत की गई। जिसमें सर्वप्रथम जिला संघ के अध्यक्ष भागवत साहू सहित सभी पदाधिकारी ने मां कर्मा की पूजा अर्चना कर बैठक की शुरुआत की गई। जिसमें विभिन्न विषयों को लेकर बैठक हुई। उक्त बैठक में चार विषयों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। कर्मा जयंती 25 मार्च 2025 जिला साहू संघ में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया उक्त तिथि को किसी भी अन्य ग्राम परिक्षेत्र तहसील में कर्मा जयंती का आयोजन नहीं किया जाएगा उसी प्रकार तहसील परिक्षेत्र में कर्मा जयंती होने पर उक्त अन्य आयोजन नहीं किया जाएगा। मां भानेश्वरी जयंती 9 में मई को मनाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। ग्राम परिक्षेत्र तहसील का सामाजिक चुनाव 15 अप्रैल से 30 में तक होगी। छत्तीसगढ़ राज्य के राजनांदगांव जिला में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सामाजिक पदाधिकारी के



विरुद्ध डोंगरगांव विधायक के द्वारा उसके चुनाव को प्रभावित करने का कार्य किया विधायक के उक्त के लिए कृत्य के लिए जिला साहू समाज द्वारा निंदा प्रस्ताव पारित किया गया साथ ही जिला साहू संघ के सामाजिक कार्यक्रमों में सामाजिक गतिविधियों में सम्मिलित नहीं करने का प्रस्ताव पारित किया गया। मोती साहू, भागवत साहू, शैलेंद्र कुमार साहू, नीलमणि साहू, नोबल साहू, नीरा साहू, भुनेस्वरी साहू, कुलेश्व साहू, अंजु साहू, ज्ञानचंद साहू, मिलाप साहू, चंदन साहू, माधव साहू, महेश साहू, गंभीर साहू, परदेशी राम साहू, चंद्रशेखर साहू, छबिल साहू, खिलेश्वं साहू, कांति साहू, फ्भीत साहू, देवेंद्र कुमार साहू, कुलदीप साहू, लक्ष्मण साहू, देवेंद्र साहू, नरेंद्र साहू, आशीष साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, जागेश्वर साहू, पवित साहू, विनय कुमार साहू, इतवारी साहू, तिलक साहू सहित जिला साहू संघ के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अपराधों को रोकने के लिये भावों का परिवर्तन आवश्यक है - निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर महाराज जी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय कानून व्यवस्था में अपराधों को रोकने के लिये डंड की व्यवस्था है लेकिन हमारे शास्त्र उन अपराधों को रोकने के लिये भावों का परिवर्तन आवश्यक मानते है7 उपरोक्त उदगार संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक मुनि समतासागर महाराज ने प्रात:कालीन धर्म सभा में व्यक्त किये मुनि श्री ने कहा कि बाहर की खोज तो आपने बहुत की लेकिन अपनी खोज आज तक नहीं कर पाये7 उन्होंने भारत एक खोज के वैज्ञानिक आईनस्टीन की चर्चा करते हुये कहा कि जब उनसे पूछा गया कि सर आपकी कोई खोज ऐसी भी रही जिसे आप चाहकर भी पूर्ण न कर पाए हों ? तो उस वैज्ञानिक ने जवाब दिया जिसने सारी जिंदगी मुझसे खोज कराई उसको मै आज तक नहीं खोज पाया उसने कहा कि उस खोज को करने के लिये मुझे एक बार भारत में ही जन्म लेना होगा क्योंकि वह खोज करने वाला भारत की माटी में तथा भारत के पानी में घुला मिला है7 मुनि श्री ने कहा कि हिंसा- झूठ- चोरी- कुशील- और परिग्रह को जब संकल्प पूर्वक त्याग कर दिया जाता है तभी परिणामों में परिवर्तन आ सकता है7 यह पांच पाप तथा मिथ्या दर्शन, मिथ्या ज्ञान और मिथ्या चारित्र रुपी अज्ञानता से ही आते है7 जो चारों गति में परिभ्रमण करा रहे है7 इस परिभ्रमण से बचना चाहते हो तो सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चारित्र के साथ



देशव्रतों को अंगीकार करो तथा 12 भावनाओं का चिंतवन करोगे तो आप भी भगवान वन जाओगे।उन्होंने कहा कि भवनों में बैठ कर कभी भगवान तो छोड़ो कभी आत्मध्यानी भी नहीं बन सकते7 उन्होंने कहा कि अब तक सुनी बहुत रामायण भगवान राम की आओ आज सुनो रामायण अपने आत्मराम की प्रभु राम ने जब भवन को छोड़ा और वह वन को गये इसीलिये वह राम बन गये7 जब तक आप संकल्प पूर्वक अपनी सत्ता को नहीं छोड़ेंगे तब तक आप जीवन में सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान तथा सम्मक् चारित्र की प्राप्ती नहीं कर सकते7 उन्होंने कहा कि कुलाचार का पालन, रात्री भोजन का त्याग, पानी छानकर पीना, नित्यप्रति देव दर्शन करना, शुद्ध वस्त्र पहन कर भगवान का अभिषेक तथा पूजन करना तथा आत्मा के गुणों का चिंतन,जिनवाणी का स्वाध्याय, अभक्ष्य तथा अखाद्य सामग्रीओं का त्याग तो धर्म की प्रायमरी स्टेज है। उन्होंने उपस्थित एवं चैनल के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं से कहा कि आप लोग मधु- मांस का त्याग तो कर देते हो लेकिन फास्ट फूड के माध्यम से नानवेज आपकी रसोई में प्रवेश कर चुका है जो आपके धर्म को नष्ट कर रहा है इसलिये सभी को फास्ट फूड का त्याग तो आवश्यक रुप से करना ही करना चाहिये जिससे आपका सात्विक भोजन बना रहे। मुनि श्री पवित्रसागर महाराज ने भी अपना सम्वोधन दिया7 इस अवसर पर ऐलक श्री निश्चयसागर, ऐलक श्री निजानंद सागर, क्षु. श्री संयम सागर मंचासीन थे। राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं प्रचार प्रमुख निशांत जैन ने बताया दोपहर सामायिक के उपरांत मुनिसंघ का मंगल विहार दुर्ग की ओर हुआ। विहार में संघस्थ ब्रहम्चारी अनूप भैया रिंकू भैया, सुवोध भैया भुसावल,शैलेश जैन दमोह सहित राजनांदगांव, दुर्ग भिलाई रायपुर जैन समाज के बंधु शामिल रहे।

## सप्ताह के सितारे (24 फरवरी 2025)

### दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 1- 5- 9 - 0 | 19-91-10-01-90-09 |
| मंगल | 2- 4 - 7 - 9 | 27-72-29-92-79-97 |
| बुध | 1 - 6 - 7 - 8 | 16-61-17-71-67-76 |
| गुरू | 3- 6 - 9 - 0 | 69-96-60-06-26-62 |
| शुक्र | 1 - 2 - 7 - 0 | 12-21-20-02-70-07 |
| शनि | 2 - 3 - 5- 8 | 23-32-36-63-39-93 |

अंकों का बादशाह -2 सप्ताह में अचूक 3 - 4 - 5 - 8

सप्ताह का वरदान -6 स्पेशल - 51- 40 -37 -89

सप्ताह में देखे

| | |
|---|---|
| (1) 13 - 14 - 15 - 18 | (6) 63 - 64 - 65- 68 |
| (2) 23 - 24 - 25 - 28 | (7) 73 - 74 - 75 - 78 |
| (3) 33 - 34 - 35 - 38 | (8) 83 - 84 - 85 - 88 |
| (4) 43 - 44 - 45 - 48 | (9) 93 - 94 - 95 - 98 |
| (5) 53 - 54 - 55 - 58 | (10) 03 - 04 - 05 - 08 |

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 96-25-78-59-30-94 | 47-17-15-19-57 |
| 08-55-04-14-55-51 | 55-79-15-43-08 |
| 71-27-21-23-95-29 | 51-93-15-27-64 |
| 21-19-33-17-76-84 | 76-65-74-87-45 |
| 57-65-06-97-93-53 | 58-85-06-04-97 |

**चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।**

संपादक


## कार्यालय कलेक्टर, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

Email-collector-keg@cg.gov.in Phone No-0782029950

**-: सार्वजनिक सूचना :-**

**क्रमांक 471/भू-अर्जन/भूक्रनी/2024 खैरागढ़, दिनांक 17/01/2024**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि कय नीति, 2016 के तहत-सिद्धबाबा जलाशय फीडर मुख्य नहर निर्माण कार्य के अंतर्गत ग्राम-गभरा, प.ह.नं.-06, रा.नि.मं. अतरिया, तहसील-छुईखदान, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) के निम्नलिखित भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, छुईखदान के पक्ष में कय किए जाने पर विचार किया जा रहा है :-

| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | [illegible] | 175/13 | 0.202 | 0.081 | [illegible] |
| 2 | [illegible] | 424/1 | 0.223 | 0.158 | [illegible] |
| | [illegible] | 2 | 0.425 | 0.239 | |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो, तो वह समाचार-पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीत्र स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

जी - 242505596/2

कलेक्टर

जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)


# एन आई ई पी आई डी सिकंदराबाद के अंतर्गत संचालित सीआरसी ठाकुरटोला

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ के द्वारा दिनांक 27/02/2025 को सुमित बाज़ार,मंडी परिसर राजनंदगांव व आज दिनांक 28/02/2025 को जिला अस्तपताल बसंतपुर राजनांदगांव कैंपस में सुगम्य यात्रा हेतु जागरूकता कार्यक्रम के हेतु रैली निकाली गई व इस जागरूकता अभियान में सभी लोगों को सुगम्य भारत से संबंधित जानकारी देते हुए स्लोगन नारे के साथ सभी लोगों के बीच पहुँचाने हेतु आयोजन किया गया जिसमें सीआरसी से सभी दिव्यांग जन , दिव्यांगों के माता-पिता , मेडिकल बोर्ड स्टाफ व जिला अस्पताल बसंतपुर में उपस्थित दिव्याँगजन और सीआरसी के डी एड आई डी डी प्रथम व द्वितीय, डिसली प्रथम वर्ष के छात्र/छात्राएं सम्मिलित हुये.इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य, सभी दिव्याँगजनों को समाज के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सभी क्षेत्रों में बाधा रहित वातावरण तैयार करने हेतु प्रेरित किया गया, ताकि सभी सशक्त होकर कार्य कर सके साथ में मिलकर जीवन यापन कर सके और जिला अस्तपताल बसंतपुर राजनंदगांव में उपस्थित सभी लोगों से अनुरोध किया गया कि इस दिव्याँगजन के यात्रा में शामिल होकर इस कार्यक्रम में सहभागिता करें तथा सुगम्य यात्रा को सफल बनाने हेतु सहयोग करें. इस कार्यक्रम में सीआरसी से मेघा दुबे, गजेंद्र कुमार साहू,पुनीत साहू,श्रुति पांडेय,रवि कुमार, राहुल कुमार शामिल हुये । इस कार्यक्रम के समन्वयक गजेंद्र कुमार साहू रहे।




## ग्राम पंचायत घोरदा में सरपंच पद में हुआ सूर्यकांत साहू का भारी बहुमत से विजयी, निकाली गई आभार रैली गांव में

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम पंचायत घोरदा में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सरपंच पद हेतु सूर्यकांत साहू ने अपने साथी प्रत्याशी मेघदास साहू को 319 वोट और दिनकर भट्टाचार्य की 322 वोट से हराकर प्रचण्ड मतों से जीत दर्ज किया,वही वार्ड पंचों में वार्ड नंबर 1 में (निर्विरोध) महेश्वरी साहू, वार्ड नंबर 2 में मोना अजय साहू, वार्ड नंबर 3 से सावित्री बाई नेताम, वार्ड नंबर 4 त्रिलोका साहू, वार्ड नंबर 5 लेखप्रकाश साहू (निर्विरोध), वार्ड नंबर 6 ममता कन्नौजे, वार्ड नंबर 7 धर्मेंद्र साहू, वार्ड नंबर 8 हीरमोतीन साहू, वार्ड नंबर 9 डाकेश्वर साहू, वार्ड नंबर 10 विजय कन्नौजे,वार्ड नंबर 11 राकेश साहू, वार्ड नंबर 12 किरण खुटेल, वार्ड नंबर 13 शारदा साहू(निर्विरोध) जबकि जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 में घोरदा के ही उमेश साहू 1078 मतों से जीत दर्ज कर निर्वाचित हुए और 25 फरवरी को हर्षोल्लास के साथ आभार रैली निकाली गई।



# संत गाडगे महाराज के विचार हम सभी के लिए अनुकरणीय- उप मुख्यमंत्री

**कवर्धा।** उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा आज वीर सावरकर भवन में आयोजित संत गाडगे महाराज जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने संत गाडगे महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण की और उनके आदर्शों को स्मरण किया। उन्होंने समाज को संबोधित करते हुए संत गाडगे महाराज के जीवन और उनके द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने घोटिया रोड में चौक के नामकरण, सौंदर्यीकरण और संत गाडगे महाराज की मूर्ति स्थापना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह समाज के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगा और संत गाडगे महाराज के विचारों को आगे बढ़ाने में सहायक होगा। इस अवसर पर पूर्व



संसदीय सचिव डॉ सियाराम साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संतोष पटेल, जिला पंचायत सदस्य श्री कैलाश चंद्रवंशी, श्री विजय पटेल सहित समाज के पद्दाधिकारी उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि संत गाडगे महाराज का जीवन समाज सेवा और स्वच्छता के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने पूरे समाज को स्वच्छता का महत्व समझाया और लोगों को अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संत गाडगे महाराज के विचार हम सभी के लिए अनुकरणीय हैं, और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही हम समाज के विकास में योगदान दे सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है।

nandgaon times march-03-02.qxd 3/2/2025 11:02 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

1) हाल ही में चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि कब मनाई गई?
2) हाल ही में भारत में क्रेटेशियस काल के पेड़ का जीवाश्म कहाँ मिला है?
3) हाल ही में किसने कोलकाता में शहरी सेवाओं के विस्तार के लिए 200 मिलियन डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है?
4) हाल ही में चर्चा में रहा ओमदुरमान शहर कहाँ स्थित है?
5) 2025 सिडनी क्लासिक स्कवैश खिताब किसने जीता?

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) 27 फरवरी (2) झारखण्ड (3) एशियाई विकास बैंक (4) सूडान (5) सौरव घोषाल

## मोटर सायकल चोरों के हौसले बुलंद

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव शहर में चोरो के हौसले बुलंद होते जा रहे है खैरागढ़ ओवर ब्रिज व न्यू काम्पलेक्स नगर निगम राजनांदगांव के मध्य दिनांक 23.02.2025 को रात्रि लगभग 9 बजे के आसपास किसी अज्ञात चोरो ने मोटर सायकल क्रमांक CG08AG2169 सीबी साईन चोरी कर लिया है। उक्त स्थान पर सीसीटीवी कैमरा न होने की वजह से चोर किस तरफ भागा है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। दिनांक 24.02.2025 को कोतवाली थाना में धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## छत्तीसगढ़ में बढ़ी गर्मी...36 डिग्री के साथ रायपुर सबसे गर्म

**रायपुर।** मार्च के पहले सप्ताह में ही तापमान बदलने के आसार हैं। दिन में गर्मी और तेज होगी, वहीं रात में हल्की ठंड बनी रह सकती है। प्रदेश के कई शहरों में अगले 24 घंटे अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। वहीं कई जगहों पर बादल छाए रहने और हल्की बारिश भी चेतावनी है। ड्राई मौसम के चलते शनिवार को रायपुर और बिलासपुर जिले सबसे गर्म रहे। यहां अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा है। सबसे कम न्यूनतम तापमान 15 डिग्री अंबिकापुर में दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अगले 2 दिनों में मध्य छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान में 1-2 डिग्री की गिरावट की संभावना है, जबकि अगले 4 दिनों में दक्षिणी छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। मार्च के शुरुआती दिनों में उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ में बादल छाए रहेंगे। इस दौरान कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। बंगाल की खाड़ी में पश्चिमी विक्षोभ के असर से सिस्टम बन रहा है। इसके असर से हवा में नमी की मात्रा बढ़ेगी।रायपुर में मौसम साफ रहेगा, लेकिन तापमान में मामूली बढ़ोतरी हो सकती है।



## निधन



**रतनलाल पटेल**

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** समीपस्थल ग्राम धामनसरा निवासी रतनलाल पटेल निधन 95 वर्ष में हो गया पटेल बी एन सी मिल सेवानिवृत्त कर्मचारी रहा अपने पीछे चार पुत्र तीन पुत्री सहित नाती नातिन छोड़कर स्वर्गवासी हो गया निधन पर शोक संवेदना जिला पंचायत सदस्य अंगेशवर देशमुख पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव पूर्व सरपंच पुनू राम पटेल पूर्व सरपंच लोकेश गंगवीर पूर्व उपसरपंच कृतलाल पटेल सहित ग्रामीण जन पटेल समाजिक पारिवारिक जनो शोक संवेदना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# वैदिक मंत्रोउच्चारण, शंखनांद और ईश्वर की शपथ के साथ अध्यक्ष और पार्षदों ने पद और गोपनियता की शपथ

## स्चच्छ-सुंदर और विकसित कवर्धा शहर की परिकल्पनाओं को साकार किया जाएगा - उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा



**कवर्धा।** कवर्धा नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी सहित पार्षदों को बहुत ही यादगार और अनोखे अंदाज में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कबीरधाम जिले के सभी प्रसिद्ध मंदिरों के पुजारियों के वैदिक मंत्रोउच्चार, शंखनांद और ईश्वर की शपथ के साथ शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, सांसद श्री संतोष पांडेय और विशेष रूप से आमंत्रित श्री राजीव लोचन जी महराज विशेष रूप से उपस्थित थे। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने अध्यक्ष सहि सभी पार्षदों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर अतिथियों ने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, श्री मोतीराम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक श्री अशोक साहू, श्री राजेन्द्र चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट, जिला पंचायत सदस्य श्री रामकुमार भट्ट, श्री कैलाश चंद्रवंशी, डॉ. वीरेन्द्र साहू श्री ईश्वरी साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री अनिल ठाकुर, श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी, श्री गोपाल साहू, श्रीमती सतविंदर पाहुजा, श्री क्रांती गुप्ता सहित समस्त जनप्रतिनिधि, मंदिर के पुजारी, समाज प्रमुख, स्व सहायता समूह की दीदीया, कवर्धा शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने शपथ ग्रहण समारोह के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी की कार्यशैली और उनके समर्पण की सराहना की। श्री विजय शर्मा ने कहा कि वे एक जननेता हैं और युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत के रूप में उभरे हैं। उनका कार्य केवल राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्होंने कवर्धा शहर के प्रत्येक वर्ग युवाओं, बुजुर्गों, माताओं-बहनों, व्यापारियों सहित सभी समुदायों के साथ मिलकर काम किया है। वे ऐसे मिलनसार नेता हैं, जिन्होंने प्रचंड मतों से चुनाव जीतकर अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। जिस दिन चुनाव परिणाम आया, उस दिन सुबह से ही कवर्धा शहर की सड़कों पर काम करते हुए दिखाई दिए थे। यह उनके समर्पण और मेहनत का प्रतीक है। वे हमेशा शहर के व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए चिंतित रहते हैं और इस समय भी वे शहर के विकास के मुद्दों पर सोच-विचार कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में कवर्धा नगर पालिका में बहुत सकारात्मक बदलाव आएगा। कबीरधाम जिले के सभी नगरीय निकायों में जनादेश के साथ ट्रिपल इंजन की सरकार बनगी है। अब और तेज गति के साथ पूरे जिले का जन आकांक्षाओं के साथ समुचित विकास की अवधारणाओं के पूरा किया जाएगा। कवर्धा नगर पालिका में व्यवस्थागत सुधार होंगे और यहां की नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कवर्धा में बड़ी परियोजनाओं का कार्य तेजी से चल रहा है। कई करोड़ों रुपए की विकास कार्य चल रहें है, जो शहर के विकास को नई दिशा देने में सहायक होंगी। उन्होंने यह भी बताया कि विष्णुदेव सरकार ने कवर्धा में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत की है, जिससे शहर के नागरिकों को और भी बेहतर जीवन की सुविधाएं मिल सकेंगी। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी को इस नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में आने वाले समय में कवर्धा को एक बेहतर, स्वच्छ और विकसित नगर बनाने का विश्वास जताया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी ने शपथ ग्रहण के बाद अपने संकल्प को साझा करते हुए कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य कवर्धा शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाना है। उन्होंने कहा कि वे छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा की परिकल्पना को साकार करने के लिए पूरी नगर पालिका टीम के साथ मिलकर काम करेंगे, ताकि कवर्धा को एक आदर्श नगर के रूप में विकसित किया जा सके। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षदों के प्रति अपनी शुभकामनाएं प्रकट कीं और उम्मीद जताई कि वे शहर के विकास और समृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता नगर के नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करना और शहरी क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं का विकास करना रहेगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में छन्नू निर्मलकर और उनके साथियों द्वारा भजन और देशभक्ति कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी गई। यह प्रस्तुति समारोह की एक महत्वपूर्ण आकर्षण रही, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन और देशभक्ति गीतों ने समारोह को एक आध्यात्मिक और राष्ट्रीयता से प्रेरित माहौल में बदल दिया। कार्यक्रम के दौरान छन्नू निर्मलकर और उनके साथी कलाकारों ने ऐसे भजन प्रस्तुत किए, जो शांति और सद्भावना का संदेश देते थे, वहीं देशभक्ति गीतों ने सभी उपस्थित लोगों में जोश और उत्साह का संचार किया।



# वार्षिक स्नेह सम्मेलन में पहुंचे उपमुख्यमंत्री और सांसद महाविद्यालय के विकास कार्यों को लेकर दिया आश्वासन




**कवर्धा।** शासकीय राजमाता विजया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा में आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और राजनांदगांव लोकसभा सांसद श्री संतोष पांडेय शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इन आयोजन के लिए महाविद्यालय परिवार और विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने खेल, कला,सहित शिक्षा के क्षेत्र में महाविद्यालय का नाम रौशन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगो की कड़ी मेहनत से राज्य के इस महाविद्यालय का नाम की ख्याति फैल रही है।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने महाविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता और आधारभूत संरचना को मजबूत करने पर बल दिया। उपमुख्यमंत्री और सांसद ने आश्वासन दिया कि महाविद्यालय की जरूरतों को शीघ्र पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान महाविद्यालय की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और वर्षभर की उपलब्धियों के लिए विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने महाविद्याल के प्राचार्य द्वारा सौपे गए मांग पत्रों का जिक्र करते हुए कहा कि महाविद्यालय की समस्याओं और आवश्यक मांगों को पूरी गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैंने इन मांगों को ध्यानपूर्वक सुना है और इन्हें प्राथमिकता में रखते हुए पूरा करने का हरसंभव प्रयास करूंगा। उन्होंने महाविद्यालय के प्रथम तल निर्माण को लेकर विशेष प्रयास किए जाने की बात कही और कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा, उन्होंने भारतीय दंड संहिता में राष्ट्रहित और लोकहित में किए गए संशोधनों पर भी चर्चा की और कहा कि नए कानून देश की सुरक्षा और विकास में अहम भूमिका निभाएंगे।उन्होंने नई शिक्षा नीति पर भी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह शिक्षा नीति शिक्षा के साथ सशक्त रोजगार देने में भी अपनी भूमिका निभाएगी। सांसद श्री संतोष पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाई का अवसर मिलेगा, जिससे ज्ञान अर्जन और अधिक सहज होगा। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की आधारभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ सियाराम साहू, पूर्व विधायक श्री अशोक साहू, जिला पंचायत सदस्य श्री कैलाश चंद्रवंशी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं महाविद्यालय के प्रोफेसर एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती के. तिग्गा ने महाविद्यालय के आधारभूत विकास से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर उपमुख्यमंत्री एवं सांसद को मांग पत्र सौंपा। प्राचार्य ने महाविद्यालय के प्रथम तल निर्माण, बाउंड्रीवाल, साइकिल स्टैंड, स्नातकोत्तर कक्षाओं की शुरुआत तथा अतिरिक्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पदों की स्वीकृति की मांग की। उन्होंने यह भी बताया कि महाविद्यालय में फिलहाल केवल स्नातक स्तर की कक्षाएं संचालित हैं। छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए एम.एस.सी. (वनस्पतिशास्त्र, प्राणीशास्त्र, भौतिकशास्त्र, गणित, कम्प्यूटर साइंस), एम.ए. (राजनीतिविज्ञान, समाजशास्त्र, हिंदी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, भूगोल) एवं एम.कॉम. विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ करने की मांग की गई है। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत सेमेस्टर प्रणाली लागू होने से महाविद्यालय में अतिरिक्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पदों की आवश्यकता जताई गई है।

## उपमुख्यमंत्री नगर पंचायत पिपरिया के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में हुए शामिल

**कवर्धा।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और सांसद श्री संतोष पाण्डेय नगर पंचायत पिपरिया में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। शपथ ग्रहण समारोह में एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक ने नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री घुरुवा राम साहू और अन्य पार्षदों को शपथ दिलाई। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि पिपरिया नगर पंचायत में अब ट्रिपल इंजन की सरकार के साथ पूर्ण बहुमत से नई सरकार का गठन हुआ है। यह सरकार अनुभवी नेताओं और युवा प्रतिनिधियों के संयोजन के साथ शहर के समग्र विकास को एक नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि नगर पंचायत पिपरिया में राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जाएगा, जिससे नगर क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं और बुनियादी ढांचे का समुचित विकास संभव हो सके। विष्णुदेव सरकार का उद्देश्य पिपरिया को स्वच्छ, सुंदर और सुविधाओं से युक्त बनाना है। हम शहर में जल आपूर्ति, सड़क निर्माण, स्वच्छता और अन्य विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगे। अब नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों के नेतृत्व में इन प्रयासों को और गति मिलेगी, जिससे नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर मिलेगा और शहर की बुनियादी सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा। इस अवसर पर इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, श्री मोतीराम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक श्री अशोक साहू, श्री राजेन्द्र चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट, जिला पंचायत सदस्य श्री रामकुमार भट्ट, श्री कैलाश चंद्रवंशी, डॉ. वीरेन्द्र साहू श्री ईश्वरी साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री अनिल ठाकुर, श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी, श्री गोपाल साहू, श्रीमती सतविंदर पाहुजा, श्री क्रांती गुप्ता, श्री मुकेश अग्रवाल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्री विक्की अग्रवाल सहित समस्त जनप्रतिनिधि, पिपरिया के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। उन्होंने नगर पंचायत पिपरिया के जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे जनसेवा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाएं और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करें।



## धर्म समाचार....

# इन मंत्रों के जप से चंद्र देव को करें प्रसन्न, जल्द दूर होगा मानसिक तनाव




ज्योतिष शास्त्र के अनुसार व्यक्ति की कुंडली में चंद्रमा कमजोर होने से कई तरह की समस्या आती हैं। वहीं चंद्रमा मजबूत होने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। साथ ही रुके हुए काम पूरे होते हैं। ज्योतिष शास्त्र की मानें तो कुंडली में चंद्रमा मजबूत करने के लिए चंद्र देव के मंत्रो का जप करना शुभ माना जाता है।

नई दिल्ली। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, विधिपूर्वक चंद्र देव की पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति की कुंडली में चंद्रमा मजबूत होता है, जिससे उसे जीवन में सभी सुखों की प्राप्ति होती है। वहीं, कुंडली में चंद्रमा कमजोर होने की वजह से मन अशांत रहता है। अगर आप भी इस तरह की समस्या का सामना कर रहे हैं, तो महादेव की पूजा-अर्चना के दौरान चंद्र देव के मंत्रो का जप करें। ज्योतिष शास्त्र की मानें तो चंद्र देव के मंत्रो के जप से कुंडली में चंद्रमा मजबूत होता है और मानसिक तनाव दूर होता है।

**करें ये उपाय**

यदि कुंडली में चंद्रमा कमजोर की समस्या का सामना कर रहे हैं, तो कच्चे दूध से महादेव का अभिषेक करें। माना जाता है कि इस उपाय को करने से साधक को शिव की कृपा प्राप्त होती है और रुके हुए काम जल्द पूरे होते हैं।

इसके अलावा श्रद्धा अनुसार मंदिर या गरीब लोगों में चावल और दूध का दान करें। मान्यता है कि इन चीजों का दान करने से कुंडली में चंद्रमा मजबूत होता है और चंद्र देव की कृपा प्राप्त होती है।

**तनाव दूर करने के मंत्र**

1. ऊँ इमं देवा असपत्नं ग्वं सुवध्यं ।
महते क्षत्राय महते ज्यैश्ठाय महते जानराज्यायेन्दस्येन्द्रियाय
इमममुध्य पुत्रममुध्यै पुत्रमस्यै विश वोह्यमी राज: सोमोस्माकं ब्राह्माणाना ग्वं राजा।

2. ऊँ ऐं क्लीं सोमाय नम:।
ऊँ श्रां श्रीं श्रौं चन्द्रमसे नम:।
ऊँ श्रीं श्रीं चन्द्रमसे नम:।

3. ऊँ दधिशंखतुषाराभं क्षीरोदार्णवसंभवम ।
नमामि शशिनं सोमं शंभोर्मुकुटभूषणम ।।

4. ऊँ अमृतंग अन्गाये विधमहे कलारुपाय धीमहि, तन्नो सोम प्रचोदयात ।।

5. ऊँ उद्बुध्यस्वाग्ने प्रतिजागृहि त्वमिष्टापूर्ते स सृजेथामयं च ।
अस्मिन्त्सधस्थे अध्युत्तरस्मिन्विश्वे देवा यजमानश्च सीदत ।।

6. प्रियंगुकलिकाश्यामं रुपेणाप्रतिमं बुधम ।
सौम्यं सौम्यगुणोपेतं तं बुधं प्रणमाम्यहम ।।

7. ऊँ चन्द्रपुत्राय विदमहे रोहिणी प्रियाय धीमहि तन्नोबुध: प्रचोदयात ।

8. ? त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् 7
उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात् 77
ऊँ अघोरेभ्यो अथघोरेभ्यो, घोर घोर तरेभ्य:।
सर्वेभ्यो सर्व शर्वेभ्यो, नमस्ते अस्तु रूद्ररूपेभ्य:ज।।

9. मामिशमीशान निर्वाण रूपं विभुं व्यापकं ब्रह्म वेद स्वरूपंज।।

10. ऊँ क्लीं क्लीं क्लीं वृषभारूढ़ाय वामांगे गौरी कृताय क्लीं क्लीं क्लीं ऊँ नम: शिवाय।।

**शिव आह्वान मंत्र**

? मृत्युंजय परेशान जगदाभयनाशन ।
तव ध्यानेन देवेश मृत्युप्राप्नोति जीवती ।।
वन्दे ईशान देवाय नमस्तस्मै पिनाकिने ।
नमस्तस्मै भगवते कैलासाचल वासिने ।
आदिमध्यांत रूपाय मृत्युनाशं करोतु मे ।।त्र्यंबकाय नमस्तुभ्यं पंचस्याय नमोनम: ।नमोब्रह्मेन्द्र रूपाय मृत्युनाशं करोतु मे ।। नमो दोर्दण्डचापाय मम मृत्युम् विनाशय ।।
देवं मृत्युविनाशनं भयहरं साम्राज्य मुक्ति प्रदम् ।
नमोर्धेन्दु स्वरूपाय नमो दिग्वसनाय च ।
नमो भक्तार्ति हन्त्रे च मम मृत्युं विनाशय ।।
अज्ञानान्धकनाशनं शुभकरं विध्यासु सौख्य प्रदम् ।
नाना भूतगणान्वितं दिवि पदै: देवै: सदा सेवितम् ।।
सर्व सर्वपति महेश्वर हरं मृत्युंजय भावये ।।



nandgaon times march-03-02.qxd 3/2/2025 11:02 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोट्र्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# भक्ति की परिपक्वता से प्रभु मिलन संभव होगा : आचार्य अर्पित भाई शर्मा







**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।।** श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में राजा परीक्षित ने सुखदेव जी से दो प्रश्न किए । पहला मनुष्य को सदा क्या करना चाहिए , दूसरा मृत्यु नजदीक हो उसे क्या करना चाहिए । सुखदेव जी ने उत्तर दिया , सदा सर्वदा एकाग्र मन से परमब्रह्म का चिंतन करना चाहिए , साधन लीला है विचार की पराकाष्ठा तथा भजन की विधि बताई । मन की शुद्धि , एकाग्रता , सूक्ष्म शरीर तथा चित्त की शुद्धि में वक्ता व श्रोता का चित्त शुद्ध होनी चाहिए । मन की एकाग्रता चित् की शुद्धि से ही परम ब्रह्म परमात्मा की प्राप्ति हो सकती है । उक्त उद्गार आज श्री अग्रसेन भवन में अग्रवाल सभा , अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल के तत्वाधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस की कथा का रसपान कराते हुए अंचल के सुप्रसिद्ध भगवताचार्य पंडित अर्पित भाई शर्मा ने व्यक्त किए ।

पंडित अर्पित भाई ने कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए कहा कि मनुष्य अपने कल्याण के लिए मन निर्मल कर कथा श्रवण करें, व्यास जी कहते है कि कथा प्रारंभ होने के पूर्व मंगलाचरण होता है , मंगलाचरण के पूर्व कथा में पहुंचना वैष्णव धर्म है । कथा में प्रेम बढ़ जाता है तब कथा परमब्रह्म परमात्मा बना देती है । प्रभु से एक ही नाता रह जाता है वह है प्रेम का , कृष्ण से प्रेम का । गुरु द्रोण ने शिष्यों को सत्य का पाठ पढ़ाया । सत्य का आचरण जीवन में लाना कठिन है। अत्यधिक बंधन एवं अत्यधिक स्वतंत्रता कष्टकारी होती है । जब अती हो तो सीमा में बांध देना उचित होता है अन्यथा पतन का कारण बनता है । सर्वत्र अति वर्जनीय है । श्रीमद् भागवत कथा कहती है कि सत्य का आचरण बड़ा कठिन है और सबके लिए संभव नहीं है । फिर भी जितना संभव हो सत्य का पालन करना चाहिए ।

व्यासपीठ पर विराजित आचार्य अर्पित शर्मा ने कहा कि कृष्ण से नाता जोड़े फिर देखो वह कैसे स्वयं रक्षा करते हैं , जीवन में कभी कोई रुकावट नहीं आने देते । नरसी मेहता के लिए स्वयं भगवान कृष्ण 52 बार आए । श्री शर्मा ने अनेक प्रसंगों का वर्णन करते हुए नरसी की प्रभु भक्ति की विवेचना की । उन्होंने कहा कि प्रभु से प्रेम करेंगे तो विश्वास का जागरण होगा , फिर विश्वास व प्रेम से ही भक्ति जागेगी एवं परमेश्वर का साक्षात्कार हो जाएगा । पंडित शर्मा ने कहा कि गुरु की पद रज कण काजल है जो आंखों में लगाकर दिव्य दृष्टि को प्राप्त कर सकते हैं , गुरु अंजन लगाने मात्र से दृष्टि दोष मिट जाता है । कथा मातृ स्वरूप है , माता करुणा भक्ति के रस से स्नान कराती है । प्रभु भक्ति के पराधीन है। प्रभु पतंग के स्वरूप है व्यक्ति के हाथ की डोरी भक्ति है । भक्ति की परिपक्वता से प्रभु का मिलन संभव है । नरसी जी के केदार राग की चर्चा करते हुए आचार्य श्री ने अपनी सुमधुर वाणी से केदार राग गाकर सुनाया तथा उसकी महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला । उन्होंने कहा ठाकुर जी सर्व समर्थ है वह कुछ भी कर सकते हैं । भक्त के लिए भगवान अनेक रूप धारण करते हैं । परमब्रह्म परमेश्वर गोपियों के लिए सर्वत्र निछावर कर देते हैं । प्रभु से नाता जोड़ने वाली कथा श्रीमद् भागवत महापुराण है । भगवान नारायण ने ब्रह्मा जी को चतुर श्लोकी भागवत सुनाई । ज्ञान दिया । पानी में बिजली है इसे प्रक्रिया द्वारा प्रकट करना विज्ञान है। हममें परमात्मा है उसे प्रकट करना ज्ञान है । जिस दिन हमें ज्ञान हो जाएगा कि हम सब में परमब्रह्मा विद्यमान है उस दिन राग , द्वेष , ईर्ष्या दूर हो जाएगी और प्रेम ,अपनत्व ,आनंद की प्राप्ति होगी फिर परमेश्वर के प्राप्त होने में देर नहीं लगेगी । ज्ञान के बिना मुक्ति संभव नहीं है । प्रभु लोक कल्याण के लिए अनेक लीलाएं करते हैं श्रीमद् भागवत पुराण में भी प्रभु की अनेक लीलाओं का वर्णन है । कथा प्रसंग को विस्तृत करते हुए पंडित अर्पित भाई ने ध्रुव चरित्र , जड़ भरत कथा एवं अजामिल प्रसंग को विस्तार से श्रवण कराया । इस दौरान श्री अग्रसेन भवन का सभागृह मातृ शक्तियों से खचाखच भरा हुआ था ।

# हमला कराने का आरोप निराधार, निष्पक्ष जांच कर करें कार्रवाई : देवेश वैष्णव




**राजनांदगांव नांदगांव टाइम्स )।** वार्ड छह के पार्षद सुनील साहू द्वारा कांग्रेस प्रत्याशी देवेश वैष्णव पर चाकू से हमला कराने का आरोप लगाए जाने के बाद मामला नया मोड़ ले चुका है। रविवार को प्रेसवार्ता कर देवेश वैष्णव ने इन आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया और निष्पक्ष जांच की मांग की।

देवेश वैष्णव ने कहा कि घटना की जानकारी उन्हें बाद में मिली, क्योंकि जिस समय यह घटना हुई, वे किसी निजी कार्यक्रम में शामिल होने बाहर गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी राजनीतिक छवि खराब करने और बेवजह विवाद में फंसाने के लिए उनका नाम घसीटा जा रहा है।

### मेरी छवि खराब करने की साजिश

देवेश वैष्णव के अनुसार, घटना के दिन रात को पार्षद सुनील साहू, पूर्व पार्षद अरविंद वर्मा के घर में थे। अरविंद वर्मा ने ही सुनील साहू और राजू मेश्राम को फोन कर बुलाया था। उन्होंने कहा कि तीनों के बीच क्या हुआ, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। लेकिन सुबह होते ही पार्षद सुनील साहू ने कुछ वार्डवासियों को लेकर चिखली पुलिस चौकी में जाकर उन पर चाकू से हमला कराने का आरोप लगा दिया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर जांच में उन पर लगे आरोप साबित होते हैं तो उनके खिलाफसख्त कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन यदि आरोप झूठे पाए जाते हैं तो पार्षद सुनील साहू के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए।

### पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच की मांग

देवेश वैष्णव ने इस मामले में पुलिस चौकी चिखली और पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस झूठे आरोप के कारण उनकी छवि को नुकसान हुआ है, जबकि वार्ड में उनकी सभी से मधुर संबंध हैं।

इस मामले में पुलिस की निष्पक्ष जांच ही सच्चाई को उजागर कर सकती है। अब देखना होगा कि पुलिस इस विवाद में क्या कार्रवाई करती है।

# सांसद संतोष पाण्डेय के प्रयासों से मोतीपुर अंडर ब्रिज स्वीकृत

## गौरी नगर अंडर ब्रिज और स्टेशन पारा अंडर ब्रिज के बाद अब मोतीपुर अंडर ब्रिज भी स्वीकृत





**राजनांदगांव नांदगांव टाइम्स )।** नगर के तुलसीपुर से मोतीपुर मार्ग पर बंद किये रेलवे फाटक पर लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय के प्रयासों से एक और अंडर ब्रिज स्वीकृत हो गया है । ज्ञात है कि पूर्व में भी वर्षो के लंबित गौरी नगर अंडर ब्रिज और स्टेशन पारा अंडर ब्रिज की स्वीकृति भी सांसद संतोष पाण्डेय के भरसक प्रयास से स्वीकृत होकर वर्तमान में कार्य प्रारम्भ हो चूका है। रेल मंत्रालय द्वारा देश के सभी रेल फ्टाको को बंद किये जाने के आदेश उपरांत मोतीपुर स्थित फाटक को भी बंद किये जाने के बाद ममता नगर से अंडर ब्रिज बनाया गया था जिसमे बढ़ते दबाव से मोतीपुर फाटक के पास अंडर ब्रिज की कमी महसूस होने लगी थी एवं फाटक के आसपास का व्यापार भी प्रभवित हो गया था । बख्तावरचाल और आस पास के नागरिक लगातार अंडर ब्रिज की मांग को लेकर संघर्षरत थे एवं वे अपनी मांग को लेकर लगातार क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय के समक्ष भी रख चुके थे जिस पर सांसद संतोष पाण्डेय ने रेलवे के अधकारियो से चर्चा कर एवं रेल मंत्री को पत्र सौप कर उक्त स्थान पर अंडर ब्रिज निर्माण की मांग को प्रस्तुत किया था जिसे रेल मंत्रालय द्वारा अब स्वीकृत कर दिया गया है । इस विषय पर सांसद पाण्डेय ने कहा कि अंडर ब्रिज की मांग को लेकर स्थानीय निवासी लगातार संपर्क में थे और मै स्वयं स्थल पर जाकर एवं नवनिर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव द्वारा रेलवे के अधिकारीयों के साथ बैठक कर किस प्रकार से अंडर ब्रिज का निर्माण किया जा सकता इसका निरिक्षण कर अपनी बात रेल मंत्री मान. अश्वनी वैष्णव के समक्ष रखी थी जिसे मंत्री जी ने आज स्वीकृत कर दिया है, जिसे हेतु मै उनका धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ । सांसद संतोष पाण्डेय ने आगे कहा की उक्त अंडर ब्रिज निर्माण से ममता नगर वाले ब्रिज पर दबाव कम होगा और छोटी गाड़िया, स्कूल जाने वाले छात्रों को सहूलियत होगी साथ की आसपास ठप पड़े व्यापार को एक नयी गति मिलेगी । मै देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी का आभारी हु जो उन्होंने इस महत्वपूर्व अंडरब्रिज की स्वीकृति प्रदान की है।



# स्वामी विवेकानंद रक्तदान संस्था आतरगांव द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

**अंबागढ़ चौकी नांदगांव टाइम्स )।** महाशिवरात्रि के पवन पर्व पर स्वामी विवेकानंद रक्तदान संस्था के संयुक्त तत्वाधान में अंबागढ़ चौकी तहसील के ग्राम आतरगांव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । शिविर मे 70 से अधिक युवाओं ने भाग लिया, जिसमें 40 यूनिट रक्तदान किया गया । स्वामी विवेकानंद रक्तदान संस्था आतरगांव के युवाओं ने कहा कि लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है । नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरुरत मंद की मदद हो सकेगी । विगत कुछ वर्षों से शिविर का आयोजन किया जाता हैं और इसमें युवा बढ़ चढ़कर शिविर में भाग लेकर रक्तदान करते है । शिविर के लगातार मार्गदर्शन धर्मेंद्र शाह आतरगांव द्वारा किया जाता हैं । इसके संयोजक डेविड साहू, अध्यक्ष - भोजराज देवांगन एवं रक्तवीर सौरभ मिलिंद, कन्हैया चुरेंद्र, शुभम साहू, इमेश कोरटिया, भरत लाल साहू, रिकेश साहू, थनेश्वर साहू, करण एवं गांव के युवा रक्तवीर उपस्थित थे।

# फेडरेशन के कैलेंडर विमोचन समारोह में प्रांतीय पदाधिकारी भी हुए शामिल

## फेडरेशन के कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम में कलेक्टर हुए शामिल, छ ग अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन राजनांदगांव के जिला संयोजक बने सतीश ब्यौहरे

**राजनांदगांव नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन राजनांदगांव के कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम कलेक्टर संजय अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ,प्रांतीय सचिव राजेश चटर्जी, प्रांतीय महासचिव आर . के. रिछारिया , प्रांतीय कोषाध्यक्ष सतीश मिश्रा अपाक्स के प्रांताध्यक्ष सत्येंद्र देवांगन ,एसडीएम खेमलाल वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, तहसीलदार मनीष वर्मा के कर कमलों से होटल पंचशील (रेलवे स्टेशन के पास ) के सभागार में जिला संयोजक सतीश ब्यौहरे जिला संरक्षक डॉ के एल टांडेकर के संयुक्त मार्गदर्शन में समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ के एल टांडेकर के स्वागत संबोधन से हुआ।

इस दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी पदाधिकारियों को लोक सेवा के लिए कटिबद्ध होकर जन सेवा का कार्य करने की अपील की, कर्मचारियों अधिकारियों से आह्वान किया कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा ,लगन एवं ईमानदारी से करेंगे ताकि प्रशासन में एक अच्छी छवि बनी रहे ।प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने कहा कि पुरे राज्य में राजनांदगांव जिला एकजुटता, संघर्षशीलता एवं जुझारूपन के लिए अपनी अलग पहचान बनाया है । उन्होंने आगे कहा कि हम सबके समेकित प्रयास से ही पिछले सभी आंदोलन सफल रहे हैं और हम सबको मिलकर फेडरेशन के मजबूती के लिए कार्य करना है । राजेश चटर्जी ने कहा कि फेडरेशन की ताकत आप सब हैं आपके माध्यम से ही हम शासन और प्रशासन में अपनी बात रख सकते हैं अपनी जायज मांगों को हम पूरा करा पाते हैं ।




सतीश ब्यौहरे जिला संयोजक ने अपने उद्बोधन में मंच पर विराजमान समस्त अतिथियों का अभिवादन करते हुए कार्यक्रम में पधारने के लिए उन्हें हृदय से आभार व्यक्त किया। और उन्होंने कहा कि आप सभी के आतिथ्य में आज का यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका है । कमल वर्मा द्वारा सतीश ब्यौहरे को जिला संयोजक का नियुक्ति पत्र सौंपा गया । इस दौरान समस्त पदाधिकारियों ने अपनी अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराई। आभार प्रदर्शन बृजभान सिन्हा के द्वारा किया गया । फेडरेशन के पदाधिकारियों में मुख्य रूप से सतीश ब्यौहरे ,डॉ के एल टांडेकर , पी. आर. झाड़े, उत्तम फंदियाल,डी एल चौधरी, रामनारायण बघेल, डॉ अशोक जैन, वीरेन्द्र रंगारी, बृजभान सिन्हा , भूपेंद्र कांडे,अरुण देवांगन, संजय तिवारी, कृतलाल साहू, पी एल साहू, सी एल चंद्रवंशी, मुकेश शुक्ला, अब्दुल करीम खान, सोहन निषाद,विनोद मिश्रा, नवीन तिवारी, हरीश भाटिया, महेश साहू, केदार शांडिल्य, सिद्धार्थ चौरे, मो.रफीक अंसारी,आदर्श वासनिक, देवेंद्र ठाकुर, संतोष देशमुख, कौशल शर्मा, एन एल देवांगन, सुदेश यादव, उपेंद्र रामटेक, दिलीप बारले,डैनी राम वर्मा,अंबरिश प्रजापति,सुदेश यादव, प्रशांत सुखदेवे, हरिश्चंद्र यादव, यशवंत नेताम के अलावा प्रदेश से पधारे हुए राकेश साहू ,चंद्रशेखर चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, नरोत्तम मांडले आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महासचिव पी .आर. झाड़े ने किया ।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com